के लिये एक दल भेजने का विचार रखती है ?

वस्त्र मंत्री, साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल राज्यों के कुछ भागों में भूजल में खारापन पाया गया है । भूजल की आयोजना, विकास और प्रबन्ध राज्य सरकार द्वारा किया जाता है । राष्ट्रीय पेय जल मिशन के अंतर्गत खारापन दूर करने के संयंत्रों की स्थापना की जा रही है ।

(ख) जी नहीं ।

Manipulation of Balance Sheets by the Nationalised Banks

*409. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA : Will the MINISTER OF FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a number of nationalised banks have been manipulating their balance sheets to show profits when actually they are in the red and that in 1989-90 as many as 12 banks were in the red while their balance sheets showed profits;

(b) if so, what are the names of the banks which showed profits while actually they were in the red and what was their actual financial position; and

(c) what action has been taken by Government against the officials of the banks for presenting wrong picture about their financial management ?

THE FINANCE MINISTER (PROF. MADHU DANDAVATE) : (a) to (c) The nationalised banks are required to prepare their Balance Sheets and Profit & Loss Accounts in the formats prescribed in the Third Schedule of the Banking Regulation Act, 1949. In terms of the statutes governing these banks, their annual accounts viz. Balance Sheets and Profit & Loss Accounts are required to be audited by a person qualified to act as an Auditor of a company under the Companies Act, 1956. The Auditor, in his report to the Central Government, certifies that, in his opinion, the Balance Sheet is a full and fair Balance Sheet containing all the necessary particulars and is properly drawn up so as to exhibit a true and fair view of the affairs of the concerned bank and that wherever any explanation or information is called for, the same has been furnished and considered to be satisfactory. With a view to ensure greater transparency and accountability, Government and Reserve Bank of India are engaged in revising the formats for Balance Sheet and Profit & Loss Account.

For the year 1989-90, out of the 20 nationalised banks, 19 banks have finalised their accounts. 18 banks have made a profit of Rs. 249.60 crores. One bank is yet to finalise its accounts for the year 1989-90.

मध्य प्रदेश में एन.टी.सी. मिलों के प्रबंध निदेशक का रिक्त पड़ा पद

**410 श्री अजीत जोगी :
कुमारी जाटिया**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1985 से अब तक मध्य प्रदेश में एन.टी.सी. मिलों के प्रबंध निदेशक के पद पर कोई नियमित नियुक्ति नहीं की गई है और केवल तदर्थ व्यवस्था से ही कार्य की देख-रेख की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या इससे मिलों की कार्यकुशलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है; और

(घ) इस पद को कब तक नियमित रूप से भरे जाने की संभावना है ?

वस्त्र मंत्री, साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) जी नहीं । रिक्ति केवल जनवरी, 1989 में हुई ।

[पूर्वत: तारांकित प्रश्न 328, 31 अगस्त, 1990 से स्थानांतरित ।